केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/227 दिनांक: 07.06.2016
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00226
CICOM/R/2016/00546

अपीलकर्ता : श्री केदार चन्द शर्मा,
पुत्र – श्री भवर लाल शर्मा,
मु0 पो0 – बोराड़ा, वाया – फतेहगढ़,
तहसील – सारवाड़, जिला-अजमेर,
राजस्थान – 305412.

निर्णय की तारीख : 07.06.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 05.04.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 28.04.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री योगेश कुमार सिंहल |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 17.05.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 137812/23.05.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 290/24.05.2016 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम से संबंधित सूचनाएं मांगी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री योगेश कुमार सिंहल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 28.04.2016 को अपीलकर्ता को अपील प्रक्रिया तथा आर.टी.आई. ऐक्ट, 2005 का उल्लेख करते हुए सूचना उपलब्ध करवा दी गई है कि वांछित सूचना का धारक केन्द्रीय सूचना आयोग नहीं है, कृपया संबंधित लोक प्राधिकरण के समक्ष आर.टी.आई. आवेदन दाखिल कर सूचना प्राप्त करें ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता द्वारा दाखिल की गई प्रथम अपील वस्तुतः लोक जन सूचना अधिकारी, रेलवे भर्ती बोर्ड, अजमेर के खिलाफ है । इस संदर्भ में अपीलकर्ता को अवगत कराया जाता है कि प्रथम अपील उसी लोक प्राधिकरण (कार्यालय) में की जाती है, जहाँ आर.टी.आई. आवेदन लगाया गया हो । संचिका का अवलोकन करने पर यह भी पाया गया अपीलकर्ता द्वारा इसी विषय से संबंधित केन्द्रीय सूचना आयोग में द्वितीय अपील भी दाखिल की जा चुकी है । इस संदर्भ में अपीलकर्ता को सूचित किया जाता है कि उनकी द्वितीय अपील दर्ज हो चुकी है जिसकी फाइल सं. **CIC/VS/A/2015/003217** है । द्वितीय अपील की सुनवाई निर्धारित होने पर अपीलकर्ता को संबंधित उप-पंजीयक द्वारा सूचना दी जाएगी ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
13 JUN
Initials

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
14 JUN 2016
D No.
Initials

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

13/6/16